## सशस्त्र बल कल्याण के प्रति REC लिमिटेड की प्रतिबद्धता

**स्रोत: पी.आई.बी**

**REC लिमिटेड (पूर्व में ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड)**, विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, ने **सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष (AFFDF)** में महत्त्वपूर्ण योगदान देकर **सशस्त्र बल कर्मियों के कल्याण** के लिये अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

- AFFDF की स्थापना सशस्त्र बलों के **सेवानिवृत्त सैनिकों, विधवाओं और उनके आश्रितों** के साथ-साथ पक्षाघात से पीड़ित सैनिकों के पुनर्वास के लिये गठित संस्थानों तथा संगठनों की सहायता के लिये की गई है।
  - AFFD इंडिया **वर्ष 1949 से प्रतिवर्ष 7 दिसंबर** को मनाया जाता है जो भारत के सैनिकों तथा सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान करता है।
- REC, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) **में** गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी (Non-Banking Finance Company- NBFC) और **इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (IFC)** के रूप में पंजीकृत है जो विद्युत बुनियादी ढाँचे, नवीकरणीय ऊर्जा तथा उभरती प्रौद्योगिकियों सहित विभिन्न क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
- REC लिमिटेड **प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य)**, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (DDUGJY), राष्ट्रीय विद्युत निधि (NEF) योजना जैसी सरकारी प्रमुख योजनाओं में एक प्रमुख भूमिका निभाता है जिसके परिणामस्वरूप देश में अंतिम छोर तक विद्युतीकरण सक्षम हुआ है शत-प्रतिशत गाँव का विद्युतीकरण एवं घरों में बिजली की सुविधा मिली है।

**और पढ़ें...** REC को महारत्न का दर्जा, सशस्त्र बल झंडा दिवस

---

## कौशल भारत केंद्र के माध्यम से युवाओं को सशक्तीकरण

**स्रोत: पी.आई.बी**

हाल ही में केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने ओडिशा के संबलपुर में **देश के पहले कौशल भारत केंद्र (SIC)** का उद्घाटन किया जो भारत के **युवाओं के कौशल में वृद्धि** करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

- संबलपुर, ओडिशा में स्थित SIC का लक्ष्य विशेष रूप से **नए युग में नौकरी की भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए** कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सहायता से **युवाओं के कौशल में वृद्धि करना** है।
- SIC मीडिया और मनोरंजन, चमड़ा, पर्यटन तथा आतिथ्य एवं IT-ITeS जैसे अधिक मांग वाले व्यवसायों के लिये पाठ्यक्रम के माध्यम से रोज़गार योग्य कौशल विकसित करेगा।
- यह पहल ओडिशा के विभिन्न ज़िलों में कौशल प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करने के लिये पूर्व में शुरू की गई **कौशल रथ पहल** के पूरक के रूप में कार्य करेगी।
- **राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC)** गुणवत्ता मानकों का अनुपालन और केंद्र की समग्र कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का अनुवीक्षण करेगा।
  - NSDC **कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE)** के तहत कार्य करने वाला एक अद्वितीय **सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP)** उद्यम है।
  - इसकी स्थापना कौशल इकोसिस्टम को विकसित करने के लिये की गई थी, NSDC कुशल व्यावसायिक प्रशिक्षण पहल पर ध्यान केंद्रित करते हुए **कौशल भारत मिशन** के रणनीतिक कार्यान्वन के लिये निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी करता है। यह कौशल पहल को बढ़ाने के लिये पात्र संस्थाओं को वित्तीय सहायता, उम्मीदवारों को रियायती ऋण और नवीन वित्तीय उत्पाद प्रदान करके उद्यमों, स्टार्टअप तथा संगठनों का समर्थन करता है।

**और पढ़ें...** भारत में कौशल विकास, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC)

---

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/22-02-2024/print